रामपुर बाघेलान में जवारा यात्रा में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 29 मार्च, चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत पार्षद एवं भाजपा आईटी विभाग के जिला संयोजक शिवांक त्रिपाठी के निज निवास पर नौ दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया।

इस दौरान पूरे नौ दिनों तक दिव्य दरबार सजा रहा, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भजन-कीर्तन के माध्यम से माँ दुर्गा की आराधना करते रहे।राम नवमी के शुभ अवसर पर भव्य जवारे यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा पूरे नगर में भ्रमण करते हुए निकली, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा जवारे का पुष्प वर्षा एवं आरती के साथ भव्य स्वागत किया गया। पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। आयोजन के समापन अवसर पर पार्षद शिवांक त्रिपाठी ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी की श्रद्धा, सहयोग एवं सहभागिता से यह आयोजन सफल हो सका है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी एवं आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालु उपस्थित रहे। साथ ही हर नवरात्रि की भांति मां सिंहवाहिनी देवी में मेला एवं विशाल भंडारा संपन्न हुआ।

जवारा विसर्जन में भक्ति और आस्था का दिखा संगम

कोठी । समीपी ग्राम चौरा चमपुरवा में नवरात्रि पर्व के समापन और जवारा विसर्जन पर भक्ति और आस्था का ऐसा संगम देखने और पुण्य लाभ लेने भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए । माता के जवारा विसर्जन में भगत गायन के दौरान माता काली अपने जोड़े सहित नृत्य किया । लोगों की मान्यता है कि इस दौरान माता की पूजा करने से भौतिक बाधाओं से मुक्ति मिलती है। आयोजन में गांव के ऋषभ सिंह एवं उनकी टीम द्वारा संयोजन किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक कल्पना वर्मा, महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष उर्मिला त्रिपाठी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महिला विंग प्रदेश सचिव प्रभा जित्तू बागरी ,निशा सिंह बघेल ,किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष पांडे, उपाध्यक्ष उमेश सिंह पप्पू, नीरज सिंह, शिवेंद्र सिंह मनिकवार, ,कृष्ण भान सिंह, मनिंदर सिंह ,विजय राज सिंह, प्रशांत मिश्रा संजय सिंह राम प्रताप मिश्रा,रोबिन सिंह, राकेश सिंह ,नरेंद्र सिंह रिंकू मिश्रा सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे साथ ही गांव के महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी इस कार्यक्रम के सहभागी बने।

रामनगर में एकता रथ यात्रा का स्वागत

नवभारत न्यूज

रामनगर 29 मार्च, गुजरात से मनु भाई पटेल के नेतृत्व में निकली सरदार वल्लभभाई पटेल स्मृति एकता रथ यात्रा रीवा होते हुए रविवार को मैहर जिले में प्रवेश की। लौह पुरुष की दुर्लभ स्मृतियों से सजे इस दिव्य रथ का कुर्मी क्षत्रिय समाज सहित सर्व समाज के लोगों ने पूरे जोश, उत्साह और श्रद्धा के साथ भव्य स्वागत किया।

सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत के लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है। देश की आजादी के समय भारत 565 रियासतों में बंटा हुआ था। सरदार पटेल ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, सूझबूझ और कूटनीति से इन रियासतों को भारतीय संघ में विलय कर एक मजबूत और अखंड भारत की नींव रखी। उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है — एकता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। सुबह 9 बजे रथ जिगना पहुंचा, जहां पदाधिकारियों, ग्रामीण इकाई, ब्लॉक इकाई और जिला इकाई के सदस्यों ने मिलकर रथ का जोरदार स्वागत किया। रथ में रखी सरदार जी की ऐतिहासिक स्मृतियाँ — सुवर्ण अशोक स्तंभ, लोटा, चप्पल, संदूक और घड़ी — देखकर उपस्थित जनता भावुक हो गई और राष्ट्रभक्ति की लहर दौड़ गई। रामनगर में कुर्मी क्षत्रिय समाज, मैहर के जिला अध्यक्ष रामसुशील पटेल ने अपने निजी निवास पर यात्रियों को जलपान कराया। अमरपाटन सतना चौराहा पर भव्य स्वागत और अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोपहर 2 बजे पटेल पैलैस, मैहर पहुंचकर रथ का भव्य स्वागत किया गया, जहां सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित रहे। मनु भाई पटेल ने कहा, सरदार वल्लभभाई पटेल ने 565 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत की नींव रखी। आज यह स्मृति रथ पूरे देश में उनके लौह-संस्कार, त्याग, समर्पण और एकता के संदेश को जीवंत कर रहा है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर देश की एकता को मजबूत करना चाहिए। यह यात्रा राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा है।

जिला अध्यक्ष रामसुशील पटेल ने सभी समाज बंधुओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस यात्रा ने मैहर जिले में एकता और राष्ट्रभक्ति का नया संदेश फैलाया है।

पशुपति नाथ मंदिर में भोले नाथ का हुआ श्रृंगार

नवभारत न्यूज

सतना 29 मार्च, उचेहरा के बरुआ नदी के तट पर प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर में भोले नाथ का भक्तो ने अद्भुत श्रृंगार किया.

यह श्रृंगार नवरात्रि में नौ दिनों तक चली अखंड संकीर्तन श्रीराम जय राम जय जय राम की धुन के समापन उपरांत हुए विशाल भंडारे पर किया गया था वैसे नवरात्रि के पूरे दिनो मे भोले नाथ का अलग अलग रूपो में भक्तो ने श्रंगार किये थे ।

मडफा के बाद बना मंदिर- जहां अभी मंदिर है वहां कुछ वर्षों पूर्व तक एक छोटा सा पत्थर का मंदिर मन्दिर जिसे (मडफा) कहते है वह बना था जिसे शिव भक्तों द्वारा इसी मडफे के ऊपर एक भव्य मंदिर बनवा दिया हासिलजानकारी अनुसार करीब 40 वर्ष से ऊपर हो रहे हैं जहां हर चैत्र नवरात्र में नौ दिनों तक अखंड श्री राम धुन संकीर्तन होती हैं उसके विश्राम उपरांत विशाल भंडारा आयोजित होता हैं यह मंदिर करीब 300 वर्ष से ऊपर का पुराना बताया जा रहा है ।

अतिक्रमण की चपेट में पचमठा

ऐसा कहा जाता है कि सन्यासियों द्वारा पशुपति नाथ मन्दिर में म?फा बना कर शिव लिंग की स्थापना की गई थी ऐसा देखा जा रहा है कि बरुआ नदी के दूसरी तट पर वार्ड 8 में सन्यासी घाट और पास ही वार्ड 4 में सन्यासियों के सँस्कार स्थल पचमठा है उस जगह पर कई कलाकरी के भव्य मंदिर बने हुए हैं जो अब अतिक्रमण की चपेट में है।

मां दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल कक्षा 5वीं का रहा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

नवभारत न्यूज

अमदरा 29 मार्च, घुनवारा स्थित माँ दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल ने कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इस वर्ष विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

टॉपर्स की सूची इस प्रकार रही- कक्षा 5वीं में विकास कुशवाहा ने 95.25त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आदर्श त्रिपाठी 94.50त्न के साथ द्वितीय एवं ऋद्धि कुमारी 94.25% के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा वेदिका त्रिपाठी (94.00%), आयुष गौतम (93.75%),अरशद साह (92.25%),मानवी पटेल (91.00%),अनुराग राठौर (91.00%), श्रुति पाण्डेय (91.00%), सुधा प्रजापति (90.75%), काव्या चतुर्वेदी (90.00%), समीर प्रताप सिंह (89.00%) एवं सत्यप्रकाश द्विवेदी (89.00%) ने भी शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के संचालक श्री संजय शुक्ला, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकगण ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। स्थानीय क्षेत्र में खुशी का माहौल है और अभिभावकों में गर्व की भावना देखी जा रही है।

गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

नवभारत न्यूज

सतना 29 मार्च, उचेहरा नगर के वार्ड 2 दतीया मोहल्ला में सोनी परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया जा रहा है उसी के उपलक्ष्य में नगर के मुख्य मार्ग में कलस यात्रा निकाली गई जिसमें रथ पर कथा व्यास आचार्य गोविंद नारायण शुक्ला विराज मान थे ।

संगीतमय भागवत कथा बैठकी 29 को एवम कथा विश्राम , हवन 4 को होगा,कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से हरी इचछा तक होगी।सभी भक्त अनुरागी सज्जनो से आयोजक गण कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है ।

सरस्वती विद्यालय बकिया का परिणाम शत प्रतिशत रहा

नवभारत न्यूज

कोटर 29 मार्च, राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा घोषित कक्षा पंचम व अष्टम का वार्षिक परीक्षा परिणाम में सरस्वती विद्यालय बकिया का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

जिसमें कक्षा अष्टम में छात्र छात्राओं में भावना गुप्ता 94.3%, हिमांशी पांडे 93.7%, विनय प्रताप सिंह 92.3%, अजय पांडे 91%, खुशी पांडे 90% शेष छात्रों में से 9 छात्रो 181 से 89% तथा 05 छात्रों का 71-89% परिणाम रहा। इसी प्रकार कक्षा पंचम में शिवांगी सिंह 93.2%, श्रेयांश तिवारी 91%, अस्मिता सिंह 90.5% शेष छात्रों में से 10 छात्रों का परिणाम 81-9% एवं साथ छात्रों का परिणाम 71-81% रहा। विद्यालय समिति के अध्यक्ष रामकरण तिवारी, सचिव राकेश तिवारी एवं कोषाध्यक्ष- डॉ करुणेश तिवारी तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य विष्णुदत्त पाण्डेय एवं विद्यालय परिवार आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है एवं शुभाशीष देता है।

सरस्वती विद्यालय अमरपाटन का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

नवभारत न्यूज

अमरपाटन 29 मार्च, सरस्वती शिशु मंदिर/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरपाटन जो कि नगर का एक मात्र संस्का रित विद्यालय है।

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित पांचवी और आठवीं के परीक्षा परिणाम 2025-26 में अपनी शानदार परंपरा जारी रखते हुए सफलता अर्जित की है ।कक्षा पांचवी में दर्ज संख्या 86 में 75 भैया/ बहन प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर 07 भैया बहन रहे। पांचवी का परीक्षा परिणाम 95.3 रहा। भैया सक्षम द्विवेदी 373/400,93.2%, भैया सौरभ पांडे 353/400,88.2%, एवं भैया शुभ तिवारी 350/400,87.5% अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा आठवीं में दर्ज संख्या 66 प्रथम श्रेणी 59 द्वितीय श्रेणी 01 परीक्षा परिणाम 91% रहा जिसमें कक्षा में प्रथम स्थान भैया सिद्धार्थ त्रिपाठी 558/600, 93% द्वितीय स्थान बहन कल्पना कुशवाहा 545/600,90.8 त्नएवं तृतीय स्थान में भैया ध्रुव सोनी 539/600,89.8% पर रहे। इस प्रकार अपने विद्यालय का पांचवी और आठवीं का परिणाम उत्कृष्ट रहा इस उपलब्धि पर अमरपाटन विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष राकेश ताम्रकार, व्यवस्थापक सुधीर श्रीवास्तव , कोषाध्यक्ष सुरेश चौरसिया, मार्गदर्शक राम गोपाल मिश्रा, विद्यालय के शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ रमाशंकर दीक्षित समिति के सभी सदस्य विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र तिवारी , प्रधानाचार्य नरेंद्र दुबे जी तथा समस्त आचार्य परिवार ने इस सफलता पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं.

मैहर नवरात्रि मेला प्रभारी डॉ . पीयूष पांडेय ने जताया सभी का आभार

नवभारत न्यूज

अमदरा 29 मार्च, नवरात्रि के पावन अवसर पर मां शारदा धाम मैहर में आयोजित भव्य मेले का संचालन को लेकर मेला प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमदरा के बी एम ओ डॉ. पीयूष पांडेय ने सभी सहयोगी विभागों और लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

डॉ. पांडेय ने कहा कि नवरात्रि मेले के दौरान प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के समस्त स्टाफ एवं मीडिया बंधुओं ने समन्वय और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकीं।

उन्होंने विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग की टीम की सराहना करते हुए कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में तत्परता से सेवा प्रदान कर कई लोगों की मदद की गई। मेला प्रभारी ने आगे कहा कि पुलिस प्रशासन, नगर परिषद, सफाई कर्मियों एवं स्वयंसेवकों के सहयोग से मेले का आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सका। साथ ही मीडिया बंधुओं द्वारा लगातार सकारात्मक खबरों के माध्यम से आमजन तक जानकारी पहुंचाने के लिए उनका भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

गैस ,डीजल व पेट्रोल की किल्लत विद्युत दर बढोतरी के विरोध में कांग्रेस का धरना आज

कोठी 29 मार्च, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोठी के अध्यक्ष विनय सिंह गुड्डा ने बताया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोठी द्वारा सोमवार को प्रात: भाजपा सरकार की गैर जिम्मेदाराना रवैया एवं अपरिपक्ता के चलते बड़े हुए विद्युत दर में वृद्धि एवं डीजल पेट्रोल और गैस की किल्लत के विरोध में कोठी बस स्टैंड परिसर पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा जिसमें सभी कांग्रेस कार्यकर्ता आम जन मौजूद रहेंगे ।

बड़ा अखाड़ा में आविर्भाव समारोह भक्ति और संस्कृति का हुआ संगम

नवभारत न्यूज

मैहर 29 मार्च, रामनवमी के पावन अवसर पर मैहर बड़ा अखाड़ा में हुआ आविर्भाव समारोह कार्यक्रम श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन एवं मैहर जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें भव्य संध्या श्रद्धा भक्ति और शास्त्रीय सांस्कृतिक प्रस्तुति का अनुपम संगम बना रहा।

कार्यक्रम की शुभारंभ बघेली लोक गायिका शिवानी पांडे एवं कई अन्य कलाकारों द्वारा लोकभक्ति गायन से की गई जिसमें प्रभु श्री राम की महिमा का गुणगान किया गया एवं श्री राम कथा पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श त्याग और धर्म निष्ठा को दर्शाया गया। कार्यक्रम में कथक शैली भी आकर्षण का केंद्र रही। इस समारोह की अंतिम प्रस्तुति नर्मदा पुरम से आए हुए आदित्य नारायण परसाई एवं उनके सहयोगियों द्वारा श्री राम प्रभु के भक्ति गायन से कार्यक्रम का समापन किया गया जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इनकी रही उपस्थिति

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मैहर बड़ा अखाड़ा के महंत श्री श्री 1008 श्री सीता वल्लभ शरण जू महाराज, कलेक्टर रानी बाटड़, एसडीएम दिव्या पटेल ,तहसीलदार जितेंद्र पटेल ,मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ,भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने ,राज ललन मिश्रा ,जितेंद्र पांडे, आलोक अग्रवाल, महेश तिवारी, अंकुर सिह परिहार ,अंबुज द्विवेदी, विनय पांडे सहितकाफी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

जैतवारा में आध्यात्मिक चेतना का शंखनाद

▶ ब्रह्माकुमारी मीना दीदी का प्रभु समर्पण समारोह संपन्न

नवभारत न्यूज

सतना/जैतवारा 29 मार्च, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मीना दीदी के 20 वर्षों के अखंड समर्पण और केंद्र के स्थापना दिवस पर अलौकिक दिव्य प्रभु समर्पण समारोह का भव्य आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद नन्हीं बालिकाओं के नृत्य और शिवानी-दीपांजलि की टीम द्वारा समर्पण पर आधारित मनमोहक नाटक की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि बृजेंद्र सिंह ने कहा कि मीना दीदी ने 20 वर्षों में आध्यात्मिक बीज को वटवृक्ष बना दिया है। विशिष्ट अतिथि अभिलाष सिंह व नागेंद्र सिंह ने कहा कि दीदी का तपस्वी जीवन समाज के लिए रूहानी शांति की प्रेरणा है। संपत कुमार व्यास व विकल तिवारी ने कहा कि स्वयं को पहचानकर श्रेष्ठ बनने का मार्ग यहाँ से प्रशस्त हो रहा है। बी.के. मानसी ने कहा कि दीदी ने स्व को जानकर शिव बाबा को पाया और वही प्रकाश समाज में बाँट रही हैं। इस अवसर पर शिवा ग्रामीण विकास संस्थान एवं भाई-बहनों द्वारा मीना दीदी को स्मृति चिन्ह व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। बी.के. मीना दीदी ने भावुक होकर इस सफलता का श्रेय %शिव बाबा% और क्षेत्रवासियों के स्नेह को दिया।

इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम का संचालन बी.के. विजयेन्द्र भाई व आभार बी.के. मनोज भाई ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संतोष गुप्ता (जिला कार्यवाह संघ सतना), बी.के. गजाधर, जगदीश सिंह, बी.के. रेखा, अभिषेक राय सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

गोरइया में लगा विंध्य के कवियों का जमावड़ा

नवभारत न्यूज

कोठी 29 मार्च, रविवार को ग्राम पंचायत गोरइया के शिव मंदिर पर विंध्य क्षेत्र के कवियों का जमावड़ा लगा और कवियों ने भी सभी उपस्थित लोगों जमकर मनोरंजन किया ।

दरअसल सतना साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच सतना के संयोजन में यादवेंद्र सिंह पंजू एवं साहित्यकार नागेंद्र सिंह टिल्लू के विशेष सहयोग से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कवियों में आकर्षक मनमोहक ओजस्वी एवं हास्य कविताओं की प्रस्तुतियां देकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया ।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर प्रभु शिव के मंदिर में पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुई आयोजन समिति द्वारा सभी कवियों एवं अतिथियों का स्वागत किया गया इसके उपरांत कवि सम्मेलन का आयोजन प्रारंभ हुआ जिसमें सभी कवियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं । देशराज सिंह क्रांति ने ओजसी कविताएं प्रस्तुत की तो वहीं रमेश सिंह जाखी में अपनी बघेली कविताओं को प्रस्तुत किया जीपी सिंह ,नरेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह सेंगर ,अजीत प्रताप सिंह, रामपाल सिंह, श्रीमती निर्मला सिंह ,डॉक्टर सरिता सलिल ,बृजेश सिंह सरल, सत्येंद्र सिंह शैल, धर्मेंद्र सिंह धर्म ,अरुण पयासी एवं अध्यक्ष यू बी एस परिहार सहित अन्य कवियों ने अपनी शानदार मनमोहक प्रस्तुतियां दी जिसको सुनने के लिए सामने कई सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जन सहित आसपास के क्षेत्र के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

उदित तिवारी बने सेवादल यंग ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष

सतना 29 मार्च, कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड ने सतना में उदित तिवारी को अपना अध्यक्ष घोषित किया है उक्त नियुक्ति पर श्री तिवारी ने अपने शीर्ष नेतृत्व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी ,नेता विपक्ष राहुल गांधी ,सेवादल राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई ,पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ,प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ,कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ,सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अविनीश भार्गव ,यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी गज्जू भईया का आभार व्यक्त किया साथ ही श्री तिवारी की नियुक्ति पर जिले में युवाओं में खुशी का माहौल है.

श्री सदगुरू नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के नए निदेशक बनाए गए डॉ इलेश जैन

▶ ट्रस्ट बोर्ड ने सर्वसम्मति से बनाया डॉ. इलेश जैन को निदेशक

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 29 मार्च, परम पूज्य संत रणछोड़ दास जी महाराज की असीम कृपा और पूज्य गोलोकवासी अरविंद भाई मफत लाल एवं पद्मश्री स्व. डॉ बीके जैन साहब के आशीर्वाद से आज श्री सदगुरु सेवा संघ के अध्यक्ष विशद भाई एवं उनकी धर्म पत्नी रूपल बेन, एवं समस्त ट्रस्टीगणों की गरिमामई उपस्थिति मे मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास जी महाराज द्वारा श्री हनुमान चालीसा के पाठ के साथ परम पूज्य श्री राजेन्द्र दास जी महाराज ने ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के सी ई ओ डॉ. ईलेश जैन को अपना दिव्य आशीष प्रदान कर निदेशक कार्यालय में पदभार ग्रहण करवाया एवं परम पूज्य गुरुदेव भगवान द्वारा प्रतिपादित सेवाकार्यों को आगे बढ़ाने का शुभ आशीर्वाद दिया। निदेशक बने डॉ इलेश जैन ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव और ट्रस्ट के प्रथम अध्यक्ष स्व अरविंद भाई म?त लाल ने जो सेवा का बीज बोया था उसको पद्मश्री स्व. डॉ जैन साहब और हमारे अध्यक्ष विशद भाई ,रूपल बेन एवं समस्त ट्रस्टीगण,सभी सदगुरू परिवार के गुरु भाई बहन एवं सदगुरू परिवार की सारी टीम ने आज इस ट्रस्ट को अपनी सेवा, मेहनत और ईमानदारी के जल से सींचकर एक विशाल वट वृक्ष के रूप में खड़ा कर दिया इस वट को संभालना और अपनी सेवा से इसे और विशाल रूप देना हम सबकी जिम्मेदारी है पूज्य गुरुदेव, स्व अरविंद भाई मफत लाल और पद्मश्री स्व डॉ जैन साहब ने जो सोचा था और जो सपना देखा था उस सोच और सपने को वास्तविक रूप देना भी हम सबकी बड़ी जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी में हम सबको कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलना है तभी हम उनके सपनो को पूरा कर सकते है।इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद भाई मफत लाल, उनकी धर्म पत्नी एवं ट्रस्ट की ट्रस्टी रूपल बेन, पद्मश्री स्व. डॉ बी के जैन की धर्म पत्नी एवं सदगुरू महिला समिति की अध्यक्षा उषा जैन, ट्रस्टी मनोज पंड्या , निदेशक बने डॉ इलेश जैन की धर्म पत्नी मौसम जैन, आर बी सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र शुक्ला सहित नेत्र चिकित्सालय के सभी अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।